देशज टाइम्स

PATNA NEWS: बिहार ने लगाई विकास की लंबी छलांग, SDG REPORT में बड़ा खुलासा, ये आंकड़े देखकर आप भी चौंक जाएंगे!

मार्च 19, 2026 | BY DESHAJ TIMES

साझा करना

Patna News: विकास की राह पर बिहार अब सरपट दौड़ने को तैयार है, जिसकी गवाही वो आंकड़े दे रहे हैं जो सतत विकास लक्ष्यों पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सामने आए हैं। राज्य ने कई पैमानों पर देश के बड़े-बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

PATNA NEWS: जानिए किन क्षेत्रों में बिहार ने गाड़े सफलता के झंडे

पटना में योजना एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस मौके पर विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कहा कि राज्य के समावेशी, सतत और संतुलित विकास के लिए यह बेहद जरूरी है कि सभी विकास योजनाओं का SDGs के साथ तालमेल हो। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार ने 2017 में ही SDG विजन दस्तावेज तैयार कर लिया था और सभी विभागों के कार्यक्रमों को इसके लक्ष्यों से जोड़ दिया था। योजनाओं की प्रगति पर नजर रखने के लिए राज्य स्तर पर 334 संकेतकों का एक मजबूत ढांचा भी बनाया गया है। आप पढ़ रहे हैं देशज टाइम्स बिहार का NO.1।